शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य निर्माता होते हैं : डॉ. राठी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 5 सितंबर । शिक्षक हमारे जीवन को दिशा देने में अहम भूमिका निभाते है। उनके द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान देने के साथ भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन देकर समाज व राष्ट्र निर्माण का कार्य किया जाता है।

शिक्षक दिवस पर स्काउट गाइड जिला संघ ने किया शिक्षकों का सम्मान

सच्चे मायनों में शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य निर्माता होते है।

यह विचार डॉ. विवेक राठी ने व्यक्त किए। डॉ. राठी, शिक्षक दिवस के मौके पर शुक्रवार को स्काउट, गाइड जिला संघ के तत्वावधान में आयोजित हुए शिक्षक सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त गिर्राज यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश शिवहरे उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन जिला संघ के पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित कार्यालय पर हुआ। कार्यक्रम में शिक्षकों को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में ओपी शर्मा, जेपी कौशिक, मूलचंद्र गौड़, अमृतलाल यादव, मुरारीलाल मावई, डॉ. राकेश कुमार शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम में वीरसिंह यादव, शेखर यादव, रामनरेश डंडौतिया, अतर सिंह राजपूत मौजूद थे। संचालन वीरसिंह यादव एवं आभार प्रदर्शन शेखर यादव ने किया।

ज्ञानवर्द्धन व शैक्षणिक विकास को पुस्तकों का अध्ययन जरूरी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 5 सितंबर । शिक्षक दिवस के मौके पर शुक्रवार को सरोजनी विद्या निकेतन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि बतौर डाइट के व्याख्याता कृष्णवीर सिंह तोमर मौजूद थे।

शिक्षक दिवस के मौके पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

हाल ही में श्री तोमर के शिक्षा रत्न सम्मान के लिए नामांकित होने पर सम्मान समारोह में उनका अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्री तोमर ने कहा कि परीक्षा में केवल अधिक अंक अर्जित करना ही छात्रों का ध्येय नहीं होना चाहिए, बल्कि पाठ्य-पुस्तकों का पूर्ण अध्ययन करते हुए ज्ञान अर्जन करना लक्ष्य होना जरूरी है। शिक्षकों को भी सतत नए शैक्षणिक आयामों एवं नवाचारों के प्रति सहज रहते हुए छात्रों के शैक्षणिक विकास में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल संचालक एवं साहित्यकार मणीन्द्र कौशिक ने कहा कि अच्छे शिक्षक का प्रदर्शन उसके अच्छे छात्रों के रूप में होता है। स्कूल प्राचार्य डॉ. क्षमा कौशिक ने छात्र एवं शिक्षकों को उपयोगी बातें बताईं। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश सिंह तोमर, रागिनी परमार, उपासना दुबे, सीमा शर्मा, पूजा सिकरवार, राधा तोमर, गोविंद शर्मा, संतोष सिकरवार, विकास शर्मा, रेणु चतुर्वेदी, अरविंद सिकरवार, अनीता शर्मा, पूनम मित्तल, रेणु अवस्थी, प्रवीणा सिंह, ऋतु राठौर सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

ब्लैक-डे के रूप में मनाया शिक्षक दिवस, किया सुंदरकांड

मुरैना, 5 सितंबर । ओपीएस बहाली और ई-अटेंडेंस व्यवस्था के विरोध में शिक्षकों ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस को ब्लैक-डे के रूप में मनाया। इस मौके पर शिक्षकों ने डाइट परिसर स्थित हनुमान मंदिर में सामूहिक उपवास रखते हुए सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में एनपीएस योजना के तहत सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ मंदिर के महंत का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर शिक्षकों की ओर से एक ज्ञापन तैयार किया गया। जिसमें ओपीएस बहाली, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने, ई-अटेंडेंस व्यवस्था को बंद किए जाने की मांगें शामिल थीं। इस ज्ञापन को कलेक्टर, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री को भेजा जाएगा। इस अवसर पर एनएमओपीएस के जिला संयोजक मुन्नालाल शर्मा, मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, शिवराज शर्मा, राममूर्ति डंडौतिया, कप्तान सिंह प्रजापति, अशोक शर्मा, पंजाब सिंह यादव, ओपी तिवारी, प्रशांत पाराशर, उर्मिला सेमिल, सत्येन्द्र सिकरवार, सतेन्द्र सिकरवार, संजय दीक्षित, शिवरतन शर्मा, अरविंद सिंह, थान सिंह सिकरवार, सुरेन्द्र छारी, अजय डंडौतिया, केशव सिंह राठौड़, अतर सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

डाइट परिसर में आयोजन, शिक्षकों ने रखा सामूहिक उपवास

पैंगबर साहब के जन्मदिन पर निकाला जुलूस, मनाईं खुशियां

नवभारत न्यूज

मुरैना, 5 सितंबर । इस्लाम धर्म के प्रणेता पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नवी के मौके पर मुस्लिम धर्म के लोगों ने शुक्रवार को मुरैना शहर में जुलूस निकाला और जन्मदिन की खुशियां मनाईं।

मिलादुन्नवी के मौके पर शहर की जामा मस्जिद से युवाओं ने बैंडबाजों एवं डीजे के साथ जुलूस निकाला। जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस जुलूस का समापन जामा मस्जिद पहुंचकर हुआ। जुलूस में शामिल युवाओं द्वारा अपने हाथों में इस्लाम धर्म के प्रतीक झंडे पकड़े हुए थे। जुलूस का नगर में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों ने जोरदार स्वागत किया।

जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-मिलादुन्नवी का त्यौहार

जौरा में मनाई गई मिलादुन्नवी, निकाला गया जुलूस

कस्बा जौरा में ईद-मिलादुन्नवी का त्यौहार मुस्लिम धर्म के लोगों ने धूमधाम से मनाया। इस मौके पर अलापुर से जुलूस निकाला गया। जो नगर में अस्पताल रोड, तहसील चौराहा, पचबीघा, सदर बाजार, एमएस रोड, चंद्रशेखर आजाद रोड, नया बाजार से होकर पुन: अलापुर पहुंचा। जहां जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्म के युवाओं सहित वरिष्ठजन शामिल थे।

मौसम : पांचवे दिन भी शहर में हुई बारिश, औसत आंकड़ा 910 मिमी पर पहुंचा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 5 सितंबर । अंचल में तेज बारिश का दौर पांचवे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को मुरैना शहर में सुबह 5 बजे से रिमझिम फुहारों का दौर शुरू हो गया जो सुबह 8 बजे तक चला। ठंडी हवा और बारिश के चलते शुक्रवार को दिन का तापमान 3 डिग्री लुढ़ककर 33 डिग्री से 30 डिग्री पर आ गया। वहीं रात का तापमान 26 डिग्री से दो डिग्री लुढ़ककर 24 डिग्री पर आ गया। इधर तेज बारिश से अंचल में नदी-नालों में आए उफान के बाद रपटों पर पानी आने से जगह-जगह रास्ते बंद हो गए हैं और लोग जोखिम उठाकर इन रपटों से निकलकर अपने कामकाज निपटा रहे हैं।

रपटा से जोखिम उठाकर निकल रहे लोग, तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली बही

बदरपुरा-खरिका के रपटा पर ट्रैक्टर-ट्रॉली फंसी, ग्रामीणों ने बचाया: अंचल में हो रही तेज बारिश से क्वारी, सोन, आसन नदियों में सीजन में चौथी बार उफान आया है। शुक्रवार को बदरपुरा और खरिका गांव के बीच बहने वाली क्वारी नदी में आए उफान से बदरपुर-खरिका रपटा पर पांच से सात फीट पानी ऊपर बह रहा है। शुक्रवार को सुबह कुछ युवा ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर नदी रपटा को पार कर रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें रोका लेकिन वह नहीं माने। बीच रपटा पर पहुंचकर पानी की तेज धार की वजह से ट्रैक्टर-ट्रॉली रपटा के बीच फंस गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली फंसते ही उसमें सवार युवकों ने जैसे-तैसे कूंदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद ग्रामीणों ने क्रेन बुलाकर जैसे-तैसे क्रेन बुलवाई और बीच रपटा पर फंसी ट्रैक्टर ट्रॉली को बाहर निकलवाया।

बानमोर- सांक में उफान, रपटा बंद, जोखिम उठाकर निकल रहे बाइक सवार-ऑटो: पवाया रोड स्थित सांक नदी के रपटे के पुल पर तेज बारिश के चलते 2 फीट पानी ऊपर बह रहा है। लेकिन इसके बावजूद दो पहिया तथा चार पहिया वाहन चालक जोखिम उठाकर इस रपटे से निकल रहे हैं। गंभीर बात यह है कि यहां कोई निगरानी के लिए न राजस्व अधिकारी तैनात हैं न पुलिसकर्मी। ऐसे में अगर कोई चूक हुई तो हादसा होना तय है।

अंबाह- एसडीआरएफ ने सुखध्यान का पुरा से परिवार को सुरक्षित निकाला: लगातार बारिश और चंबल नदी में बढ़ते जलस्तर के कारण रतनबसई पंचायत के ग्राम सुखध्यान का पुरा मुख्य रास्ता शहर से कट गया। इसी गांव के एक परिवार जिसका का बच्चा चिकित्सालय में भर्ती था, लेकिन माता-पिता पानी अधिक होने और रास्ता बंद होने के कारण नहीं पहुंच पा रहे थे। माता-पिता की सूचना पर एसडीएम अंबाह और पटवारी रतनबसई ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम को बुलाया। टीम ने मोटरबोट की सहायता से परिवार को सुरक्षित मुख्य मार्ग तक पहुंचाने का कार्य किया। सूचना मिलने के बाद दोपहर 2.30 बजे टीम ने कार्यवाही शुरू की और 4.30 बजे तक परिवार को सुरक्षित रूप से नदी पार करवा दिया। जिन टीम ने इस दौरान कार्य किया था उसमे करण पचौरी, चेतन, जितेंद्र नरवरिया, रामनरेश सिकरवार, ऊदल तोमर और जितेंद्र सिंह शामिल थे।

4 दूध डेयरियों पर सैंपलिंग पनीर-घी के लिए नमूने

नवभारत न्यूज

मुरैना, 5 सितंबर । खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने शुक्रवार को मुरैना शहर में 4 दूध डेयरियों पर सैंपलिंग की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने इन प्रतिष्ठानों से पनीर एवं घी के नमूने लिए है। जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

फूड सेफ्टी विभाग की टीम की शुक्रवार को शहर में कार्रवाई

जानकारी के अनुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर अवनीश गुप्ता ने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ पहली कार्रवाई रामनगर में शिक्षक कॉलोनी स्थित दिनेश कुमार शर्मा की पूनम डेयरी पर की। टीम ने यहां से पनीर एवं घी के सैंपल लिए। दूसरी कार्रवाई बड़ोखर क्षेत्र में लालौरकलां रोड स्थित महेश उपाध्याय की श्रीकृष्णा डेयरी पर हुई। यहां से भी पनीर एवं घी के सैंपल लिए गए। इसी क्रम में सुभाष नगर में ओवर ब्रिज रोड पर वंशीलाल किरार की रणजीत डेयरी से घी एवं पनीर तथा मिल एरिया रोड पर सतीश शर्मा की शंकर डेयरी से घी का नमूना लिया गया है। सभी सैंपलों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। जहां से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकारों का कार्य चुनौतीपूर्ण और परिश्रमसाध्य : कृषि मंत्री कंषाना

नवभारत न्यूज

मुरैना, 5 सितंबर । मप्र के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथे स्तंभ के समान दर्जा दिया जाता है। पत्रकार न केवल सत्ता से सवाल करते है, बल्कि समाज को दिशा देकर जन जागरण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। वर्तमान हालातों में पत्रकारों का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण और परिश्रमसाध्य है।

मंत्री श्री कंषाना, शुक्रवार को मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला इकाई द्वारा आयोजित संभागीय वर्कशॉप एवं पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन टीआर पुरम स्थित अग्रवाल सेवा सदन में हुआ। कार्यक्रम में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण शर्मा के नेतृत्व में पत्रकारों की समस्याओं को लेकर कृषि मंत्री श्री कंषाना को ज्ञापन भी दिया गया। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, पूर्व विधायक राकेश मावई, आईटीएम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर आरएस तोमर, सचिन बत्रा और मनीष जायसवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राजकिशोर श्रीवास्तव, रामगोपाल बंसल, अवधेश डण्डौतिया, जिलाध्यक्ष अमन सक्सैना, महासचिव विनोद सिंह तोमर उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुधीर आचार्य ने किया। इस मौके पर ग्वालियर-चंबल संभाग के वरिष्ठ पत्रकार साथियों को सम्मानित भी किया गया।

फेडरेशन ने चार पत्रकारों को भेंट कीं साईकिलें : कार्यक्रम में फेडेशन के तत्वावधान में चार पत्रकारों को साईकिलें भेंट की गईं। जिनमें राजेश शर्मा बिट्टे, मुकेश प्रजापति, अशोक माहौर और दक्ष कुलश्रेष्ठ शामिल है। साईकिलें भेंट करते हुए कृषि मंत्री श्री कंषाना ने चारों पत्रकारों को अपनी स्वेच्छानुदान मद से 10-10 हजार रूपये की राशि दिए जाने की घोषणा भी की।

राष्ट्र के नवनिर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका : डॉ. गोयल

नवभारत न्यूज

मुरैना, 5 सितंबर । समाजसेवी संस्था पहल परिवार के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विक्टर कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में हुआ। समारोह में नगर के 7 प्रतिष्ठित शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। समारोह में नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक डॉ. आरसी गोयल ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन के 35 वर्ष बतौर शिक्षक समाज एवं राष्ट्र की सेवा में समर्पित किए है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षकों को अपने दायित्वों को पूर्ण निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य का निर्धारण कर उनकी प्राप्ति के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। समारोह में पहल परिवार की ओर से शिक्षक डॉ. आरसी गोयल, डॉ. एमसी चांदिल, डीके जैन, लोकेन्द्र डण्डौतिया, पंकज सिंहल, सौरव सिकरवार और नेहा जैसवानी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहल परिवार के अध्यक्ष डॉ. विवेक राठी, रवि गुप्ता, हेमा अग्रवाल, श्रीमती आशा सिकरवार, रविन्द्र माहेश्वरी, सुभाष राठौर, प्रमोद गुप्ता, गौरव गुप्ता, राजेश बांदिल, डॉ. शशांक गुप्ता, विक्टर स्कूल के प्रिंसिपल आनंद सिकरवार, संचालक समीर बांदिल, प्रतीक्षा बांदिल आदि उपस्थित थे।

शिक्षक दिवस पर पहल परिवार ने शहर के 7 वरिष्ठ शिक्षकों को किया सम्मानित

एक नजर में

पहाड़गढ़ में युवक की मारपीट का मामला दर्ज

मुरैना। पहाड़गढ़ गांव में रहने वाले हेमबरन पुत्र राजाराम शर्मा की 4 सितंबर को कल्ला, रब्बा कुशवाह ने गालियां देते हुए मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट

मुरैना। कैलारस कस्बे की अयोध्या बस्ती में रहने वाली महिला जमुनाबाई लोहपीटा 40 पत्नी अमर सिंह लोहपीटा की 4 सितंबर को मीरा, महेन्द्र जाति लोहपीटा ने गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

25 क्वार्टर देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

मुरैना। नूराबाद पुलिस ने 4 सितंबर कोम सतीश पुत्र दशरथ गुर्जर नि. धनेला को कुंअरपाल का पुरा की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

कृषि मंत्री कंषाना आज जौरा-पहाड़गढ़ का भ्रमण करेंगे

मुरैना। प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना आज 6 सितम्बर को जौरा, कैलारस व पहाड़गढ़ क्षेत्र के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री कंषाना प्रात: 11:30 बजे मुरैना से जौरा, कैलारस और पहाड़गढ़ में ग्राम मरा स्थित हीराभूमिया बाबा मंदिर पर पहुंचेंगे। कृषि मंत्री दोपहर 2:30 बजे कटीबरी हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यहां से अपरान्ह 4 बजे मुरैना के लिए प्रस्थान कर सायं 05 बजे मुरैना पहुंचेंगे।

महाभारत में भीम का रोल निभाने वाले सौरभ आज मुरैना आएगें

मुरैना। डब्ल्यूडब्ल्यूई के रेसलर और टीवी सीरियल महाभारत में भीम का रोल प्ले करने वाले सौरभ गुर्जर आज 6 सितंबर को मुरैना आएगें। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संजय हर्षाना नाका ने बताया कि सौरभ गुर्जर 6 सितंबर की शाम 4 बजे बैरियर चौराहा स्थित रेस्ट हाऊस पहुंचेंगे। यहां गुर्जर समाज के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह हर्षाना रान्सू के नेतृत्व में गुर्जर समाज के लोगों द्वारा सौरभ गुर्जर का स्वागत किया जाएगा। संजय हर्षाना ने समस्त समाजसेवियों से रेस्ट हाऊस पर पहुंचकर सौरभ गुर्जर का सम्मान करने का आग्रह किया है।

जौरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल लगेगा

मुरैना/जौरा। जौरा सीट से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कल 7 अगस्त को किया जाएगा। यह शिविर कस्बा जौरा में धमकन रोड पर आरएम कृष्णा पैलेस के पास स्थित वेदा क्लीनिक पर सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर के व्यवस्थापक दीपक यादव, नरेन्द्र त्यागी ने बताया कि इस शिविर में डॉ. शरद शर्मा, डॉ. सूर्यकांत शर्मा, संतोष यादव, किरण शाक्य, हरीओम मीणा, अमित चौधरी, हरेन्द्र दिनकर, अभिषेक बाथम आदि चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया जाएगा। शिविर में मरीजों की ब्लड शुगर, खून की जांच सहित कई अन्य जांचें नि:शुल्क की जाएगीं। शिविर में पहुंचनें वाले मरीजों को दवाओं का वितरण भी नि:शुल्क किया जाएगा।

एस डी एम ने किया नगर में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लेब का निरीक्षण

सबलगढ़। सबलगढ़ नगर में कई वर्षों से अवैध रूप से फर्जी पैथोलॉजी लेब चल रही हैं आज एस डी एम अरविंद माहौर द्वारा नगर में संचालित पैथोलॉजी लैबों का आकस्मिक निरीक्षण किया जब इन अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैबों के संचालकों को एस डी एम के निरीक्षण का पता चला तो ज्यादातर लेब संचालक अपनी अपनी लैबों को बंद कर भाग गए नगर में करीब 25 के करीब पैथोलॉजी लेब संचालित हो रही है जिनमें से ज्यादातर लैबों पर लैब टेक्नीशियन नहीं है सिर्फ छोटी मोटी ट्रेनिंग के सहारे यह लेब संचालित हो रही है ज्यादातर प्राइवेट डॉक्टरों ने अपने क्लीनिकों के आस पास अपने लोगों से यह लेब खुलवा रखी है जो मरीजों का आर्थिक शोषण तो कर ही रही है इसके अलावा उनकी जांचे भी सही नहीं आ रही है केवल एक अंदाज से यह पैथोलॉजी लैबों के संचालक जांच रिपोर्ट बना कर दे देते है सुना है कि इन पैथोलॉजी लैबों में डॉक्टरो का भी हिस्सा रहता है जिससे यह मरीज की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

बस ओर लोडिंग की टक्कर से लोडिंग चालक घायल

सबलगढ़ । सबलगढ़ से तीन किलोमीटर दूर रामपुर रोड पर आज दोपहर को एक यात्री बस गैस सिलेंडर से भरी लोडिंग गाड़ी से टकरा गई जिससे लोडिंग गाड़ी का चालक घायल हो गया ।जानकारी के अनुसार आज दोपहर को सबलगढ़ थाना क्षेत्र में रामपुर घाटी के ऊपर रामपुर से सबलगढ़ आ रही यात्री बस सबलगढ़ से रामपुर जा रही गैस सिलेंडर से भरी लोडिंग गाड़ी आपस में टकरा गई जिससे लोडिंग गाड़ी का चालक संतोष पाराशर पुत्र रामजी पाराशर उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सबलगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया गैस सिलेंडर से भरी लोडिंग गाड़ी गोलहारी गैस एजेंसी की बताई जा रही है।

सबलगढ़ टेटरा मार्ग हाइवे 552 पर सोल्डर नहीं भरने से रोज हो रही है दुर्घटनाएं

सबलगढ़ । सबलगढ़ से श्योपुर जाने वाले 552 हाइवे पर सड़क के दोनों ओर सोल्डर नहीं भरने से रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं वहीं दिन भर जाम लगा रहता है जिसके कारण आम जनता परेशान है। सबलगढ़ से श्योपुर नेशनल हाईवे 552 पर सबलगढ़ से टेटरा गांव तक बीस किलोमीटर तक की सड़क की चौड़ाई मात्र बारह फीट है सड़क के दोनों ओर लोक निर्माण विभाग द्वारा सोल्डर नहीं भरे गए हैं जिससे बरसात में एक एक फीट तक गहरे गड्ढे सड़क के दोनों ओर हो गए हैं उन गड्ढों में बरसात का पानी भरने के कारण वाहन चालको के साथ रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे कई व्यक्ति चोटिल हो चुके हैं जब कोई भी बस या ट्रैक इस 552 हाइवे से गुजरता है तो साइड लेते समय कोई भी चालक अपने वाहन को सड़क से नीचे उतरना नहीं चाहता है और इस कारण दिन भर जाम लगा रहता है और आम जनता को परेशान होना पड़ता है क्योंकि सड़क से वाहन उतारते समय चालक को वाहन पलटने का भय लगा रहता है इस सड़क से प्रतिदिन दर्जनों बस ट्रक श्योपुर शिवपुरी विजयपुर बीरपुर के लिए निकलते हैं श्योपुर जाने के लिए यही एक मात्र रास्ता है।

उधार सामान नहीं दिया तो दुकान पर फायरिंग, 3 पकड़े

ब्लॉक ऑफिस के पास शाम की घटना

अंबाह। कस्बे की बायपास रोड स्थित ब्लॉक के पास गुरुकृपा किराना स्टोर पर शुक्रवार शाम 4.30 बजे तीन बाइक सवारों ने एक दुकान पर सिर्फ इसलिए फायरिंग कर दी, क्योंकि उसने उधार सामान देने से मना कर दिया। इस फायरिंग से कस्बे में हडक़ंप मच गया। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कस्बे में बायपास रोड पर ब्लॉक के पास बंटी शर्मा की किराने की दुकान है। शुक्रवार को दोपहर में बाइक पर सवार होकर आए दीपू तोमर ने दुकानदार से रेडबुल मांगी। जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो दीपू ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इस पर दुकानदार बंटी शर्मा ने कहा कि मैं उधार नहीं दूंगा। इससे दीपू तोमर नाराज होकर चला गया। शाम 4.30 बजे आरोपी दीपू अपने साथियों वंशू तोमर और सत्यम तोमर को लेकर आया और दुकानदार दीपू शर्मा के ऊपर कट्टे से सीधे फायर कर दिया। एक कारतूस दुकान के काउंटर में जाकर लगा। फायर से बचने दुकानदार दीपू शर्मा दुकान के काउंटर के पीछे छिप गया। इधर जब बदमाश दोबारा फायरिंग करने के लिए कट्टे में कारतूस लोड कर रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पुलिसकर्मियों ने आरोपियों का पीछा शुरू कर दिया। तीनों बदमाश खजूरी रोड की तरफ भागे, जहां से पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।